दिनांक 4 जनवरी 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जिले का पहला एस्ट्रोनॉमी लैब भिलाई के सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल में खुला, महापौर नीरज पाल ने किया शुभारंभ, निगमायुक्त रोहित व्यास विशेष रुप से रहे मौजूद

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल में आज एस्ट्रोनॉमी लैब का शुभारंभ भिलाई के महापौर नीरज पाल ने किया। इस दौरान निगम आयुक्त रोहित व्यास विशेष रूप से मौजूद थे। अब एस्ट्रोनॉमी लैब में बच्चों को ब्रह्मांड के बारे में सवालों के जवाब मिल सकेंगे। बच्चे यह जान सकेंगे कि आसमान का रंग नीला क्यों है , तारे क्यों चमकते हैं , चांद और सूरज कहां छिप जाते हैं , रात के समय आसमान काला क्यों दिखाई देता है , गुरुत्वाकर्षण का क्या प्रभाव पड़ता है , कितने प्रकार के ग्रह होते है , चंद्रमा ऑर्बिट कैसे करता है इत्यादि की जानकारी इस लैब के जरिए मिल पाएगी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी की मंशा के अनुरूप भिलाई के आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में शिक्षा के क्षेत्र में विकास देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास के सतत प्रयासों से आत्मानंद स्कूल को एस्ट्रोशाला के रूप में तब्दील किया जा सका है। अंतरिक्ष की किताबी ज्ञान से हटकर प्रायोगिक ज्ञान की दिशा में ले जाने का अच्छा प्रयत्न है। छात्र, छात्राएं मौजूद रहे। आत्मानंद इंग्लिश मीडियम के प्रत्येक स्कूलों में स्टार गैजिंग के माध्यम से देख सकेंगे खगोलीय घटनाओं को निगम आयुक्त श्री रोहित व्यास ने कहा कि आत्मानंद सरकारी इंग्लिश मीडियम के सभी स्कूलों में खगोलीय घटनाओं के लिए स्टार गैजिंग के माध्यम से चांद, जुपिटर, मार्श, तारो आदि के बारे में जानकारी देते हुए दिखाया जाएगा तथा इसके बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रोजेक्टर के माध्यम से एक्सपर्ट के द्वारा बच्चों को प्रदान की जाएगी। जिसकी शुरुआत सेक्टर 6 के आत्मानंद स्कूल से हो चुकी है।